स्वयं पोर्टल क्या है और यहाँ से फ्री ऑनलाइन पढाई करने की जानकारी

स्वयं पोर्टल, भारत सरकार द्वारा शुरु किया गया है ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल है. जिसके द्वारा डिजिटली लोगों तक शिक्षा पहुँचाना है.

स्वयं पोर्टल क्या हैं?

SWAYAM Portal – स्वयं पोर्टल भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resource Development यानि MHRD) और अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद
(All India Council for Technical Education यानि AICTE) द्वारा Microsoft की मदद से तैयार किया गया एक Online Education Portal है.

"स्वयं" **Online Education Portal** की घोषणा **1** फरवरी, **2017** को पेश आम बजट में भारत सरकार द्वारा की गई थी. जिसको **9** जुलाई, **2017** को तत्कालीन राष्ट्रपति माननीय प्रणव मुखर्जी ने लांच किया. स्वयं पोर्टल को शिक्षा नीति के तीन आधारभूत सिद्धातों – पहुँच **(Access)**, निष्पक्षता **(Equity)**, तथा गुणवता **(Quality)** को प्राप्त करने के उद्देशय से बनाया गया है.

स्वयं पोर्टल के बारे में कुछ विशेष बातें
1. स्वयं एक ऑनलाईन लर्निग पोर्टल है. जो विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क है. इसलिए स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स भी नि:शुल्क है.
2. इस पर 9वीं कक्षा से लेकर स्नाताकोतर (Post Graduation) तक के कोर्स उपलब्ध है.
3. जो छात्र प्रमाणपत्र (Certificate) लेना चाहेंगे. उन्हें कुछ फीस लेकर कोर्स को सफलतापूर्वक उतीर्ण करने के बाद प्रमाणपत्र दिया जाएगा.
4. स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रम के 4 भाग हैं – विडियों व्याख्यान (Video Lectures), खास तौर से तैयार की गई अध्ययन सामग्री (Study Material) जो डाउनलोड और मुद्रित (Print) की जा सकती है, परीक्षा तथा प्रशनोतरी के माध्यम से स्वमूल्याकंन परीक्षा तथा अंतिम शंकाओं के समाधान के लिए ऑनलाईन विचार-विमर्श (Online Discussion).
5. स्वयं पोर्टल पर Engineering, Science, Humanities, Language, Commerce, Management, Library, Education आदि विषयों के कोर्स उपलब्ध है.

स्वयं पोर्टल का उपयोग कैसे करें – **How to Use Swayam Portal**

1. स्वयं पोर्टल का उपयोग करने के लिए आपको पोर्टल की Official Website पर जाना होगा. स्वयं पोर्टल की Official Website www.swayam.gov.in है.

2. आप चाहे तो अपने Android Phone में इसका App Download करकर भी पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते है.

3. स्वयं पोर्टल पर कोर्स को पढने के लिए आपको Register करना पडेगा. जिसके लिए आपको एक Registration Form में मांगी गई आवश्यक जानकारी को सही-सही भरना है. रजिस्टर करने के बाद आप कभी भी स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स को पढ सकते है.

स्वयं पोर्टल से ऑनलाइन फ्री कोर्स कैसे करें – **How to Learn from Swayam Portal**

हमने ऊपर बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार का ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल है. जिसका उद्देश्य Students/Learners को उच्च गुणवता की ऑनलाइन एजुकेशन उपलब्ध करवाना है. स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स सीखने वालों के लिए मुफ्त है. जिनमें एडमिशन लेकर हर कोई फ्री ऑनलाइन कोर्स कर सकता है.

स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कैसे करें – **SWAYAM Portal Registration Process**

नीचे स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रोसेस Step by Step तरीके से बताई जा रही है. आप प्रत्येक स्टेप को ध्यानपूर्वक पढे और बताये अनुसार करें. आप आसानी से स्वयं पोर्टल पर पंजीकरण कर पाऐंगे.

Step: #1
सबसे पहले आपको स्वयं पोर्टल को अपने कम्प्युटर में खोलना है. ध्यान रखिए यह बहुत Heavy Content वेबसाईट है. इसलिए आपको स्वयं पर Registration करने के लिए इसे कम्प्युटर में ही खोलना है.

Step: #2
स्वयं पोर्टल जब आपके सामने खुल जाए. तो आप अपने दांए तरफ कोने में ऊपर Register पर क्लिक कीजिए.

Step: #3
Register पर क्लिक करने के बाद आपके सामने पोर्टल में लॉग इन करने के लिए अलग-अलग विकल्प खुलेंगे. यहाँ से आपको Sign up now पर क्लिक करनी है.
Note: आप अपने Facebook Account, Google Account या Microsoft Account से भी स्वयं पोर्टल में Registration करा सकते है. लेकिन, हम आपको इसकी सलाह नही देंगे. आप स्वयं के लिए अलग से Account बनाईये. और Sign up now पर क्लिक कीजिए.

Step: #4

Sign up now पर क्लिक करने के बाद आपके सामने SWAYAM Registration Form खुलेगा. इस फॉर्म के दो भाग है. इसलिए इसे सावधानीपूर्वक पढें और मांगी गए जानकारी सही-सही भरें.

1. Username: यहाँ आपको स्वयं पोर्टल के लिए अपना Username लिखना है. जिसे आप याद भी रख सके. जैसे, myswayam आपका नाम भी लिख सकते है. या कोई काल्पनिक नाम भी लिख सकते है.
2. New Password: यहाँ आपको अपने स्वयं अकांउट के लिए पासवर्ड लिखना है. आपका पासवर्ड मजबूत होना चाहिए. ताकि कोई आसानी से आपके पासवर्ड को चुरा नही पाए. आप मजबूत पासवर्ड बनाने के लिए इस Tutorial को पढिए.
3. Confirm New Password: यहाँ आपको वही पासवर्ड दुबारा लिखना है. जो आपने अभी-अभी बनाया है.
4. Email Address: इस खाने में आपको अपना Email Address लिखना है. आप इसे दुबारा बदल नही पाएंगे.

Step: #5
अब आपने जो ईमेल एड्रेस लिखा है. उसे Verify किया जाएगा. जिस पर SWAYAM एक Verification Code Send करेगा. वेरिफिकेशन कोड मगांने के लिए आप Send Verification पर क्लिक कीजिए. और अपने ईमेल अकांउट को खोलीए. और कोड को कॉपी कीजिए.

Step: #6
अब आपको Verification Code को लिखकर Verify करवाना है.

Step: #7
Email Verification के बाद आपको फॉर्म के दूसरे भाग यानी नीचे वाले विकल्पों को भरना है. और सारी जानकारी भरने के बाद Create पर क्लिक करना है.

1. Surname: यहाँ आपको अपना Family Name जैसे; शर्मा, वर्मा, सिंह, कुमार, आपका गौत्र आदि लिखना है. उदाहरण: आपका पूरा नाम पुनित गौतम है. तो आप यहाँ सिर्फ गौतम लिखिए.
2. Given Name: यहाँ आपको अपना पहला नाम यानि जो नाम आपको परिवार या नामकरण के दौरान दिया गया है. जैसे; ऊपर बताये अनुसार यहाँ आपको सिर्फ पुनित लिखना है.
3. Display Name: यहाँ आपको वह नाम लिखना है. जो नाम आप SWAYAM Dashboard पर देखना चाहते है. यह आपकी पसंद है.

Step: #8
Create पर क्लिक करने के बाद आपके सामने SWAYAM Agreement खुलेगा. जिसे पढकर आपको उसे स्वीकार करना है. इसे स्वीकार करने के लिए आप I Agree पर क्लिक कीजिए.

Step: #9

SWAYAM Agreement को स्वीकार करने के बाद आपके सामने Update your profile नाम से एक और फॉर्म खुलेगा. जिसमे आपको अपने बारे में और जानकारी देनी है.

1. Gender: यहाँ आपको अपना लिंग चुनना है. आप यदि पुरुष है तो Male पर क्लिक करें. या फिर अन्य विकल्प चुनिए.
2. Learning Objective: इसमे आपको बताना है कि आप स्वयं से पढाई क्यों करना चाहते है? यदि आपने केवल सीखने के लिए स्वयं पर पंजिकरण किया है. तो आप For Learning को चुने. और यदि आप सीखने के साथ Certificate भी चाहते है. तो आप For Certificate को चुनिए.
3. What would you like to learn? यहाँ आपको बताना है कि आप किस स्तर की पढाई स्वयं से करना चाहते है. जैसे; School, Certificate, Diploma, Under Graduate, Post Graduate आदि में से किसी एक को चुनना है.
4. Phone Number: यहाँ अपना मोबाईल नम्बर लिखिए.
5. Age Group: यहाँ से अपना Age Group चुनिए. विकल्प खुलेंगे. उनमे से एक को चुनना है.
6. Highest level of education completed: आपने कहाँ तक पढाई की है. उसके बारे में बताना है.
7. Occupation यहाँ आपको अपने काम के बारे में बताना है कि आप फिलहाल क्या कर रहे है? आपके सामने विकल्प खूलेंगे. उनमे से किसी एक को चुनना है.
8. Country: आप किस देश के निवासी है? वो बताना है.
9. State: आपने अभी जो देश चुना है. उस देश में किस राज्य में आप निवास कर रहे है. उस राज्य को बताना है.
10. Security Question: आपके सामने कुछ Security Questions खुलेंगे. उनमे से आपको किसी एक को चुनना है.
11. Security Answer: आपने ऊपर जो Security Question चुना है. यहाँ उसका जवाब देना है.

Step: #10

जब आप अपनी Profile Update कर ले तो उसके बाद इस जानकारी को Save करना है. इसके लिए नीचे बने बटन SAVE & CONTINUE पर क्लिक कीजिए.

स्वयं पोर्टल से कोर्स चुनकर एंरॉल करना **Course Selection and Enrollment Process**

अब आप स्वयं पोर्टल पर Registration तो करन सीख गए है. इसके बाद आपको अंतिम कार्य यानि अपने लिए कोर्स चुनकर उसमें एंरॉल करना है. ताकि आप स्वयं से पढाई शुरू कर सके. Course Enrollment Process नीचे बताई जा रही है. आप इसे Step by Step पढिए और अनुसरण कीजिए.

Step: #1
सबसे पहले स्वयं पोर्टल पर Log in कीजिए. (यदि आपने पहले से SWAYAM Registration किया हुआ है.) और यदि आपने अभी-अभी SWAYAM Registration किया है, तो आपको ऐसा करने की कोई जरूरत नही है. ऐसा करने के बाद आपके सामने SWAYAM Dashboard Open हो जाएगा.

Step: #2
यहाँ से आप All Courses पर क्लिक कीजिए. ऐसा करने पर आपके सामने स्वयं पर उपलब्ध सभी कोर्स खुल जाऐंगे. यहाँ से आप अपनी पसंद का कोर्स चुनिए. और उस पर क्लिक कीजिए. SWAYAM पर Courses को Categories, Languages, Learning Path or Level, Course Ratings, Institutes, Faculties, Course Credits आदि Filters के माध्यम से ढूंढ सकते है.

Step: #3
हम मानकर चल रहे है कि आपने कोर्स ढूँढ लिया है. हमने भी यहाँ एक कोर्स को चुना है. जिसका नाम है – PRACTICAL ENGLISH: LEARNING AND TEACHING.

Step: #4
Course Page में आपको Enroll Now का बटन मिलेगा. जिस पर क्लिक करके आप उस कोर्स में Enroll हो जाऐंगे. और आपके सामने Congratulation का संदेश आ जाएगा. इसका मतलब आपने इस कोर्स में सफलतापूर्वक Enrollment कर लिया है.

Swayam Congratulations Message.
अब आप इस कोर्स में सफलतापूर्वक Enrolled हो गए है. और आपकी पढाई भी अभी से चालु हो गई है. आप चाहे तो कोर्स अध्ययन सामग्री को डाउनलोड भी कर सकते है. जिसे आप बाद में बिना इंटरनेट के भी Access कर पाऐगें.
धन्यवाद।

13/7/2022 13/07/2022

प्राचार्य स्वयं प्रभारी
अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय अम्बाह, मुरैना (मध्यप्रदेश)